दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 26.02.2026

प्रकाशनार्थ

दिनांक 26.02.2026 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग द्वारा एयर स्ट्राइक दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को सी0आर0पी0एफ0 के काफिले पर पुलवामा में आत्मघाती आतंकवादी हमला हुआ था, जिसमें 40 जवान शहीद हो गये थे। जिसके प्रतिरोध में भारत ने 26 फरवरी, 2019 को पाकिस्तान के पाक अधिकृत कश्मीर के बालाकोट में स्थित आतंकवादी शिविरों के ऊपर एयर स्ट्राइक करके उनको नष्ट कर दिया था। भारत ने इस एयर स्ट्राइक के माध्यम से पाकिस्तान सहित सम्पूर्ण विश्व को सचेत किया था कि भारत आतंकवाद के विरूद्ध कठोर कदम उठायेगा एवं भारत के ऊपर किये गये आतंकी हमले को युद्ध के पूर्व की गयी कार्यवाही मानेगा और उसके विरूद्ध सैन्य कार्यवाही करने को बाध्य होगा। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद भारत की सुरक्षा को समय–समय पर चुनौती पेश करता रहा है। भारत ने पाकिस्तान के इन कार्यो को अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने रखा, लेकिन कोई ठोस परिणाम न मिलने के कारण भारत ने अपनी रणनीति पर कार्य किया।

इस अवसर पर रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ. राम प्रसाद यादव ने कहा कि आतंकवाद सम्पूर्ण विश्व की सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती के रूप में उभरा है। दक्षिण एशिया की राजनीतिक अस्थिरता तथा धार्मिक– सांस्कृतिक विभिन्नता के कारण आतंकवाद का प्रसार तेजी से हो रहा है। अब इसके प्रभाव में केवल सीमावर्ती क्षेत्र तथा सरकारी तंत्र ही नहीं अपितु आम नागरिक भी हो गये हैं। इसी तरह की एक घटना पिछले वर्ष पहलगाम में हुई थी। जहाँ आतंकी हिंसा देखने को मिली थी, जिसमें पर्यटकों को धर्म के आधार पर मारा गया था। भारतीय सेना किसी भी आतंकी कार्यवाही का प्रतिउत्तर देना अच्छे से जानती है। भारत के नागरिकों की सुरक्षा करना उसका कर्तव्य है और भारत के दुश्मनों के ऊपर सैन्य कार्यवाही करने के लिए तैयार एवं तत्पर है।

कार्यक्रम का संचालन विभागीय शिक्षक डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह ने किया तथा आभार ज्ञापन विभागीय शिक्षक डॉ. अंशुमान सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक सहित रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विषय के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क